## प्रोडक्शन 2.51 करोड़ टन रहा, जो पिछले साल से कम है

# डीकंट्रोल के बाद शुगर प्रोडक्शन घटा

[ईटी ब्यूरो *नई दिल्ली*]

केंद्र सरकार के लेवी मैकेनिज्म से डीकंट्रोल होने वाले साल में भारतीय शुगर इंडस्ट्री का कुल प्रोडक्शन 2.51 करोड़ टन रहा। यह पिछले साल की तुलना में थोड़ी कम है। इसके साथ ही रिकवरी भी कम रही।


इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने कहा कि अक्टूबर 2012-सितंबर 2013 के शुगर सीजन में 526 शुगर मिलों ने करीब 25.07 करोड़ टन गन्ने की पेराई की। यह पिछले शुगर सीजन के 25.7 करोड़ टन की तुलना में करीब 2.5 फीसदी कम है। पिछले साल 2.63 करोड़ टन शुगर प्रोड्यूस हुआ था।

देश में सबसे अधिक शुगर प्रोड्यूस करने वाले राज्य महाराष्ट्र ने 7 करोड़ टन गन्ने की पेराई की और यहां 79 लाख टन शुगर का प्रोडक्शन हुआ। यहां पर 172 मिलों ने पूरे सीजन में गन्ने की पेराई की। यहां पर पिछले साल की तुलना में इस साल 9 फीसदी कम गन्ने की पेराई हुई और शुगर प्रोडक्शन सालाना आधार पर 11 फीसदी कम रहा। 2012-13 में शुगर रिकवरी 11.41 फीसदी कम रही।

हालांकि, उत्तर प्रदेश ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस राज्य की 122 शुगर मिलों ने पूरे सीजन में 74 लाख टन शुगर प्रोड्यूस किया। उत्तर प्रदेश की मिलों ने 8.15 करोड़ टन गन्ने की पेराई की और यहां 9.18 फीसदी रिकवरी रही। इसने सालाना आधार पर 6 फीसदी अधिक गन्ने की पेराई और 7.3 फीसदी अधिक शुगर प्रोड्यूस किया। राज्य में पिछले साल 9.07 फीसदी रिकवरी ही रही थी। इस तरह से यह राज्य अधिक शुगर प्रोडक्शन करने में सफल रहा।

कर्नाटक ने 3.3 करोड़ टन गन्ने की पेराई की और 33 लाख टन शुगर का प्रोडक्शन किया। इस राज्य में 60 मिलों ने गन्ने की पेराई की। कर्नाटक में पिछले साल की तुलना में इस बार 4.2 फीसदी कम गन्ने की पेराई हुई, जबकि शुगर प्रोडक्शन भी सालाना आधार पर 10.5 फीसदी कम रहा।

कर्नाटक ने 2011-12 में 11.14 फीसदी शुगर रिकवरी की थी, जो 2012-13 में 10.40 फीसदी रही। इस्मा का मानना है कि देश में 2.51 करोड़ टन शुगर का प्रोडक्शन रहा है, जबकि 2.28 करोड़ टन शुगर घरेलू खपत रह सकती है। इस्मा के अनुमान के मुताबिक, 2013-14 में 88 लाख टन शुगर का ओपनिंग बैलेंस भी रह सकता है।




**अक्टूबर 2012**-सितंबर 2013 के शुगर सीजन में 526 शुगर मिलों ने करीब 25.07 करोड़ टन गन्ने की पेराई की। यह पिछले शुगर सीजन के 25.7 करोड़ टन की तुलना में करीब 2.5 फीसदी कम है

**सबसे ज्यादा** शुगर प्रोड्यूस करने वाले महाराष्ट्र ने 7 करोड़ टन गन्ने की पेराई की और यहां 79 लाख टन शुगर का प्रोडक्शन हुआ। यहां पर 172 मिलों ने पूरे सीजन में गन्ने की पेराई की

Economic Times
22/10/13